# BPSC
# LDC

## Previous Year Paper
### (Mains) 20 Nov 2022

1. यदि किसी कोड भाषा में 'MENTAL' को '417253' लिखा जाता है, तो 'TEN' और 'ANT' को कोड भाषा में लिखा जायेगा

(A) 217, 572

(B) 572, 172

(C) 572, 217

(D) 217, 527

2. दी गयी श्रेणी में '?' को बदलें :

3, 7, 15, 31, 63, ?

(A) 120

(B) 127

(C) 110

(D) 100

3. एक व्यक्ति उत्तर की ओर 2 कि० मी० चलता है। फिर वह पूर्व की ओर मुड़ता है और 10 कि० मी० चलता है। इसके बाद वह उत्तर की ओर मुड़ता है और 3 कि० मी० चलता है। फिर से वह पूर्व की ओर मुड़ता है और 2 कि० मी० चलता है। वह आरंभिक बिन्दु से कितनी दूर है?

(A) 15 कि० मी०

(B) 10 कि० मी०

(C) 18 कि० मी०

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. एक कमरे की लम्बाई और चौड़ाई क्रमशः 8 मी० और 6 मी० है। एक बिल्ली सभी चारों दीवारों के साथ भागती है और अंत में एक चूहे को पकड़ने के लिये एक विकर्ण क्रम के साथ भागती है। बिल्ली द्वारा कुल कितनी दूरी तय की गई?

(A) 38 मी०

(B) 10 मी०

(C) 14 मी०

(D) 48 मी०

5. दिये गये विकल्पों में से 'विषम' ज्ञात करें :

(A) VZBX

(B) AEGC

(C) HLNJ

(D) OSVQ

6. निम्न श्रेणी

3, 10, 101, ____

में अगली संख्या है

(A) 11012

(B) 10101

(C) 10201

(D) 10202

**7.** श्रेणी

2, 6, 18, 54, ____

में 8वीं संख्या है

(A) 7434

(B) 4370

(C) 4374

(D) 7443

**8.** साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज के बीच का अंतर, 5% प्रतिवर्ष की दर से 2 वर्ष का मूलधन ₹ 2,000 पर, है

(A) 16·0

(B) 10·5

(C) 15·0

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** 12 : 30 :: 14 : ?

(A) 22

(B) 35

(C) 30

(D) 28

**10.** −4 − (−10) का मान −10 − (−4) से कितना अधिक है?

(A) 12

(B) 10

(C) 6

(D) 0

**11.** जैसे 34, 12 से संबंधित है, वैसे ही 59 संबंधित है

(A) 14 से

(B) 45 से

(C) 38 से

(D) 26 से

**12.** यदि NAMO = 172, OM = 56, तब SHIVAY = ?

(A) 504

(B) 606

(C) 415

(D) 404

**13.** वह छोटी-से-छोटी संख्या ज्ञात करें, जिसके द्वारा भाग देने पर 175760 पूर्ण घन बन जाये।

(A) 30

(B) 6

(C) 9

(D) 10

**14.** 36 से० मी० परिधि के कितने आयत खींचे जा सकते हैं, यदि भुजायें धनात्मक पूर्णांक से० मी० में हों?

(A) 11

(B) 8

(C) 9

(D) 10

**15.** '?' चिह्न को बदलें जिससे एक ही पैटर्न जारी रहे :

1, 9, 25, 49, ? , 121

(A) 91

(B) 64

(C) 81

(D) 100

**16.** सही विकल्प चुनें जो समान पैटर्न को जारी रखे :

6, 11, 21, 36, 56, _____

(A) 91

(B) 42

(C) 51

(D) 81

**17.** दिये गये विकल्पों में से लुप्त पद को चुनें :

R, U, X, A, D, _____

(A) I

(B) F

(C) G

(D) H

**18.** सही विकल्प चुनें जो समान पैटर्न को जारी रखे :

5, 10, 17, 26, _____, 50

(A) 40

(B) 37

(C) 36

(D) 38

**19.** 15 अगस्त, 1947 को दिन था

(A) शुक्रवार

(B) सोमवार

(C) रविवार

(D) शनिवार

**20.** $A$ और $B$ एक व्यवसाय में 3 : 2 के अनुपात में निवेश करते हैं। यदि कुल लाभ का 5% दान में जाता है और $A$ के लाभ का हिस्सा ₹ 855 है, तो कुल लाभ है

(A) ₹ 2,000

(B) ₹ 500

(C) ₹ 1,000

(D) ₹ 1,500

200001 200001 200001

200001

21. यदि एक खास कोड भाषा में 'TEARS' को 'UGDVX' लिखा गया है, तो 'SMILE' को लिखा जायेगा

(A) TOKNH

(B) TOLPJ

(C) TOLNG

(D) TOJPJ

22. यदि '×' का अर्थ 'जोड़', '÷' का अर्थ 'घटाव', '+' का अर्थ 'गुणा' और '−' का अर्थ 'विभाजन' है, तो

$$20 \times 8 \div 8 - 2 + 1$$

बराबर है

(A) 5

(B) 80

(C) 24

(D) 25

23. सबसे छोटी तीन अंकों की अभाज्य संख्या है

(A) 100

(B) 113

(C) 109

(D) 101

24. निम्न में से कौन-सा 4 से विभाज्य नहीं है?

(A) 546702

(B) 556824

(C) 367312

(D) 467536

25. बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार के लिये औसत तापमान 40 °C था। गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार का औसत तापमान 41 °C था। यदि शनिवार का तापमान 42 °C था, तो बुधवार का तापमान था

(A) 41 °C

(B) 39 °C

(C) 44 °C

(D) 38 °C

26. 50 संख्याओं का औसत 38 है। यदि 45 और 55 को छोड़ दिया जाये, तो शेष संख्याओं का औसत है

(A) 38·0

(B) 36·5

(C) 37·0

(D) 37·5

**27.** यदि 3 वर्षों के लिये ₹ 5,000 का ₹ 1,500 ब्याज प्राप्त होता है, तो दर प्रतिशत है

(A) 11

(B) 8

(C) 9

(D) 10

**28.** एक बॉक्स में केवल एक रुपये और 50 पैसे के 210 सिक्के हैं। उनके संबंधित मूल्यों का अनुपात 13 : 11 है। एक रुपये के सिक्कों की संख्या है

(A) 78

(B) 65

(C) 66

(D) 77

**29.** गलत संख्या ज्ञात करें :

1, 2, 4, 8, 16, 32, 64, 96

(A) 96

(B) 4

(C) 32

(D) 64

**30.** गलत संख्या ज्ञात करें :

105, 85, 60, 30, 0, –45, –90

(A) –45

(B) 105

(C) 60

(D) 0

**31.** अगली संख्या ज्ञात करें :

10, 100, 200, 310, ____

(A) 400

(B) 430

(C) 420

(D) 410

**32.** लुप्त संख्या ज्ञात करें :

5, 6, 9, 15, ____, 40

(A) 29

(B) 21

(C) 25

(D) 27

200001 200001 200001

33. $A$, $B$ को 20% के लाभ पर एक साइकिल बेचता है। $B$ इसे 25% लाभ पर $C$ को बेच देता है। यदि $C$ इसके लिये ₹ 225 का भुगतान $A$ को करता है, तो इसका $A$ के लिये क्रय मूल्य था

(A) ₹ 150

(B) ₹ 110

(C) ₹ 125

(D) ₹ 120

34. ₹ 2,850 में एक साइकिल बेचकर एक दुकानदार को 14% का लाभ होता है। यदि लाभ घटाकर 8% कर दिया जाये, तो विक्रय मूल्य होगा

(A) ₹ 3,000

(B) ₹ 2,600

(C) ₹ 2,700

(D) ₹ 2,800

35. एक व्यक्ति ने एक बैंक से 12% प्रतिवर्ष साधारण ब्याज की दर से ऋण लिया। यदि उसे 3 वर्ष के बाद केवल ब्याज के रूप में ₹ 5,400 देने पड़े, तो उसके द्वारा उधार ली गयी मूल राशि थी

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 2,000

(C) ₹ 10,000

(D) ₹ 15,000

36. यदि Z = 52 और ACT = 48 हो, तब BAT होगा

(A) 46

(B) 39

(C) 41

(D) 44

37. दिये गये विकल्पों में से 'विषम' ज्ञात करें :

(A) 1090

(B) 626

(C) 841

(D) 962

38. दिये गये विकल्पों में से 'विषम' ज्ञात करें :

(A) 5, 3, 2, 9

(B) 1, 4, 3, 8

(C) 2, 4, 3, 9

(D) 3, 2, 3, 8

**39.** '*' का क्या मान है, यदि 985*865, 9 से पूर्ण विभाजित हो?

(A) 0

(B) 6

(C) 5

(D) 4

**40.** राकेश 10 कि० मी० उत्तर की ओर चलता है, वहाँ से वह 6 कि० मी० दक्षिण की ओर चलता है, तब वह 3 कि० मी० पूर्व की ओर चलता है। वह प्रस्थान-बिन्दु से कितना दूर है?

(A) 5 कि० मी०

(B) 10 कि० मी०

(C) 9 कि० मी०

(D) 7 कि० मी०

**41.** यदि दक्षिण-पश्चिम, उत्तर हो जाता है और दक्षिण, उत्तर-पूर्व हो जाता है तथा बाकी सभी दिशाओं को इसी प्रकार बदल दिया जाये, तो पश्चिम की दिशा होगी

(A) दक्षिण-पश्चिम

(B) उत्तर-पूर्व

(C) उत्तर-पश्चिम

(D) दक्षिण-पूर्व

**42.** फर्नीचर की तीन वस्तुओं की औसत कीमत ₹ 15,000 है। यदि उनकी कीमतें 3:5:7 के अनुपात में हैं, तो सबसे सस्ती वस्तु की कीमत है

(A) ₹ 9,000

(B) ₹ 21,000

(C) ₹ 18,000

(D) ₹ 15,000

**43.** संख्या श्रेणी में एक पद गलत है। इसको ज्ञात करें :

1, 2, 5, 10, 17, 28

(A) 17

(B) 5

(C) 28

(D) 2

**44.** श्रेणी में कुल कितनी संख्याएँ हैं?

201, 208, 215, ..., 369

(A) 26

(B) 23

(C) 24

(D) 25

2000001

**45.** श्रेणी

7, 14, 28, ...

में 10वीं संख्या ज्ञात करें :

(A) 4096

(B) 1792

(C) 2456

(D) 3584

**46.** समान प्रतिमान जारी रखते हुए सही संख्या छाँटें :

1, 2, 3, 5, 8, ...

(A) 9

(B) 13

(C) 11

(D) 10

**47.** रीना, सुनिता से दो गुना आयु की है। तीन वर्ष पहले, वह सुनिता से तीन गुना आयु की थी। अब रीना की आयु क्या है?

(A) 12 वर्ष

(B) 5 वर्ष

(C) 6 वर्ष

(D) 7 वर्ष

**48.** 3 की लगातार तीन क्रमागत गुणजों का योग 72 है। दूसरी सबसे बड़ी संख्या है

(A) 21

(B) 27

(C) 24

(D) 42

**49.** लड़कों की एक कक्षा एक कतार में खड़ी है। एक लड़का दोनों छोर से क्रम में 19वाँ है। कक्षा में कुल लड़के हैं

(A) 39

(B) 27

(C) 37

(D) 38

**50.** लुप्त संख्या बताएँ :

| 7 | 5 |
|---|---|
| 6 | |

| 5 | 21 |
|---|---|
| 13 | |

| 21 | 7 |
|---|---|
| ? | |

(A) 14

(B) 8

(C) 20

(D) 28

51. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के बारे में आप क्या जानते हैं?

(A) यह कृषि उत्पादकों को नियंत्रित करने हेतु नियामक बोर्ड है

(B) यह भारत में स्टॉक एक्सचेंजों एवं पूँजी बाजार के नियंत्रण हेतु प्रमुख नियामक बोर्ड है

(C) यह भारतीय बैंकों के उनके वित्तीय कार्यों पर नियंत्रण हेतु नियामक बोर्ड है

(D) यह टैक्स (कर) संबंधी मामलों में जी० एस० टी० काउन्सिल पर नियंत्रण हेतु नियामक बोर्ड है

52. भारत का पूर्ण रूप से जैविक खेती वाला प्रथम राज्य कौन-सा है?

(A) आसाम

(B) अरुणाचल प्रदेश

(C) बिहार

(D) सिक्किम

53. रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया की प्रधान उदार ब्याज दर निम्न में से कौन तय करता है?

(A) जी० एस० टी० काउन्सिल

(B) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार

(C) मौद्रिक नीति समिति (एम० पी० सी०)

(D) नीति आयोग

54. सौर मंडल में सबसे छोटा ग्रह कौन-सा है?

(A) बृहस्पति

(B) बुध

(C) शुक्र

(D) मंगल

55. जिम कॉरबेट नैशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?

(A) ओडिशा

(B) मध्य प्रदेश

(C) उत्तराखंड

(D) अरुणाचल प्रदेश

56. टोडा जनजाति कहाँ रहती हैं?

(A) अरुणाचल प्रदेश, हिमालयी क्षेत्र

(B) नीलगिरि की पहाड़ियाँ

(C) मध्य प्रदेश में डिंडोरी जिला

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. किस राज्य में आरक्षित वन-क्षेत्र सबसे अधिक है?

(A) ओडिशा

(B) बिहार

(C) मध्य प्रदेश

(D) उत्तर प्रदेश

200001 200001 200001

**58.** जल-भराव की आवश्यकता किस फसल के लिए होती है?

(A) गेहूँ

(B) धान (चावल)

(C) कॉफी

(D) चाय

**59.** बोकारो और भिलाई लौह एवं इस्पात परियोजनाएँ किसके सहयोग से स्थापित हुई हैं?

(A) इटली

(B) जापान

(C) यू० एस० ए०

(D) सोवियत संघ

**60.** हिमालय में कौन-कौन से पेड़ लगाए जाते हैं?

(A) नीम एवं जामुन

(B) बलूत एवं बुरांस

(C) चन्दन एवं पीपल

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** उष्णकटिबंधीय वर्षावन भारत में कहाँ पाए जाते हैं?

(A) मध्य भारत क्षेत्र

(B) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र

(C) दक्षिणी क्षेत्र

(D) पश्चिमी क्षेत्र

**62.** बिहार में गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ कौन-सी हैं?

1. गंडक एवं बागमती
2. कोसी, काली एवं सोन
3. यमुना, घाघरा एवं रामगंगा
4. गोमती, बुढ़ी एवं महानंदा

निम्न कूट में से सही उत्तर को चुनें।

(A) केवल 4

(B) 1 एवं 2

(C) केवल 3

(D) 3 एवं 4

**63.** जैव विविधता को कम करने के लिए कौन-सा पेड़ उपयोगी है?

(A) *प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* (विलायती बबूल)

(B) नीम

(C) पीपल

(D) चन्दन

**64.** तन्जौर स्थित राजराजेश्वर मंदिर का निर्माण किसने करवाया?

(A) ललितादित्य (699 ईस्वी–736 ईस्वी)

(B) चन्द्रगुप्त द्वितीय (375 ईस्वी–415 ईस्वी)

(C) राजाराज प्रथम (985 ईस्वी–1014 ईस्वी)

(D) राजेन्द्र (1012 ईस्वी–1044 ईस्वी)

**65.** मौर्य साम्राज्य का अंतिम शासक कौन था?

(A) कुणाल

(B) बृहद्रथ

(C) तिवारा

(D) अशोक

**66.** कोशल एवं मगध के मध्य संघर्ष का प्रारम्भ किसके समय हुआ?

(A) पुष्यमित्र

(B) स्कन्दगुप्त

(C) अशोक

(D) अजातशत्रु

**67.** प्रथम तराइन युद्ध में पृथ्वीराज चौहान ने किसको पराजित किया?

(A) मोहम्मद गोरी

(B) बलबन

(C) अलाउद्दीन खिलजी

(D) फिरोज शाह तुगलक

**68.** लोदी वंश की स्थापना किसने की ?

(A) हमीर

(B) इब्राहिम लोदी

(C) बहलोल लोदी

(D) इल्तुतमिश

**69.** कौन मुगल सम्राट आलमगीर के नाम से जाना जाता था?

(A) अकबर

(B) बाबर

(C) जहाँगीर

(D) औरंगजेब

200001 200001 200001

70. किस युद्ध में ब्रिटिश ने फ्रान्स को भारत में अंतिम रूप से पराजित किया?

(A) वांडीवाश का युद्ध

(B) प्रथम कर्नाटक युद्ध

(C) प्लासी का युद्ध

(D) बक्सर का युद्ध

200001

71. मालाबार में मोपला विद्रोह किस वर्ष हुआ था?

(A) 1928

(B) 1921

(C) 1926

(D) 1930

72. किस तारीख को उड़ीसा को बिहार से पृथक् कर प्रान्त का दर्जा दिया गया था?

(A) 2 जनवरी, 1939

(B) 1 अप्रैल, 1936

(C) 1 अप्रैल, 1937

(D) 8 नवम्बर, 1938

73. 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' का गठन किसने किया?

(A) हेमन्त सरकार

(B) राम प्रसाद बिस्मिल

(C) राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी

(D) सचिन्द्र नाथ सन्याल

74. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' एवं 'धर्म-निरपेक्ष' शब्द किस संवैधानिक संशोधन द्वारा जोड़े गए?

(A) 24वें संशोधन द्वारा

(B) 44वें संशोधन द्वारा

(C) 42वें संशोधन द्वारा

(D) 25वें संशोधन द्वारा

75. भारतीय संसद का निर्माण किन-किन अंगों से होता है?

(A) लोक सभा, राज्य सभा, उपराष्ट्रपति तथा राष्ट्रपति

(B) लोक सभा तथा राज्य सभा

(C) लोक सभा, राज्य सभा तथा प्रधानमंत्री

(D) लोक सभा, राज्य सभा तथा राष्ट्रपति

76. संघीय मंत्रिपरिषद् किसके प्रति उत्तरदायी है?

(A) लोक सभा के प्रति

(B) संसद के प्रति

(C) प्रधानमंत्री के प्रति

(D) राष्ट्रपति के प्रति

77. पहला लोकायुक्त किस राज्य में नियुक्त हुआ था?

(A) पश्चिम बंगाल

(B) महाराष्ट्र

(C) बिहार

(D) राजस्थान

78. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कहाँ स्थित है?

(A) रोम

(B) हेग

(C) न्यूयॉर्क

(D) जेनेवा

79. विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

(A) 1990

(B) 1948

(C) 1995

(D) 2001

80. पृथ्वी को बढ़ते हुए तापमान से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ था?

(A) रियो डि जेनेरो

(B) क्योटो

(C) स्टॉकहोम

(D) नई दिल्ली

81. संविधान की आत्मा क्या है?

(A) संघीय ढाँचा

(B) प्रस्तावना

(C) मौलिक अधिकार

(D) राज्य के नीति-निर्देशक तत्त्व

82. "कानून, संप्रभु का आदेश है।" यह कथन किसका है?

(A) अरस्तू

(B) जॉन ऑस्टिन

(C) रूसो

(D) हॉब्स

83. रामनाथ कोविंद भारत के ______ राष्ट्रपति हैं।

(A) 11वें

(B) 12वें

(C) 14वें

(D) 13वें

84. भारत में अंतिम जनगणना किस वर्ष की गई थी?

(A) 2009

(B) 2011

(C) 2010

(D) 2012

**85.** 'सतत विकास' का सिद्धान्त निम्न में से किसने प्रतिपादित किया?

(A) विश्व बैंक

(B) नीति आयोग

(C) ब्रंटलैण्ड आयोग

(D) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया

**86.** रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर कौन हैं?

(A) सिन्धुश्री खुल्लर

(B) शक्तिकान्त दास

(C) राजीव कुमार

(D) अरविन्द पनगढ़िया

**87.** भारत में राष्ट्रीय आय की गणना निम्न में से कौन करता है?

(A) नीति आयोग

(B) भारतीय सांख्यिकीय संस्थान

(C) वित्त मंत्रालय

(D) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन

**88.** भारत में कागजी मुद्रा किस वर्ष पहली बार प्रारंभ हुई थी?

(A) 1601

(B) 1861

(C) 1765

(D) 1853

**89.** रेपो रेट क्या है?

(A) स्टेट बैंक द्वारा लोक भविष्य निधि ग्राहकों को प्रदत्त ब्याज दर

(B) ब्याज दर जिस पर भारतीय बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक से रकम माँगते हैं

(C) बैंकों में सावधि जमा पर प्रदत्त ब्याज दर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** इंडेक्स फंड क्या है?

(A) प्राकृतिक आपदाओं में कृषकों को राहत प्रदान करने हेतु राज्य सरकारों के पास फंड

(B) प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भारत सरकार द्वारा स्थापित आपातकालीन फंड

(C) इकिटी म्यूचुअल फंड, जो स्टॉक में निवेश करता है

(D) औद्योगिक गतिविधियों को विकसित करने हेतु पूंजी बाजार फंड

91. पेगासस क्या है?

(A) यह एक कृत्रिम होशियारी से सम्बन्धित है

(B) यह एक सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनी है

(C) यह एक खेल सम्बन्धित ऐप है

(D) यह एक जासूसी यन्त्र है जो लोगों के फोन के माध्यम से जासूसी करता है

92. निम्न में से कौन-सा शहर दक्षिण अफ्रीका की राजधानी है?

(A) केप टाउन

(B) ब्लूमफोंटेन

(C) जोहान्सबर्ग

(D) डरबन

93. किस देश ने सर्वप्रथम बिटकॉइन को कानूनी मुद्रा मान लिया है?

(A) एल सल्वाडोर

(B) ब्राजील

(C) मेक्सिको

(D) अर्जेंटीना

94. किन राज्यों ने धारा 348(2) के प्रयोग से उच्च न्यायालयों में हिन्दी भाषा के प्रयोग को मान्यता दे दी है?

(A) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान

(B) राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली

(C) हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़

(D) छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान

95. आर्थिक रूप से पिछड़ों (ई० डब्ल्यू० एस०) को आरक्षण देने हेतु संविधान में किन अनुच्छेदों को सम्मिलित किया गया है?

(A) अनुच्छेद 15(4) एवं 16(4)

(B) अनुच्छेद 15(2) एवं 16(2)

(C) अनुच्छेद 15(3) एवं 16(3)

(D) अनुच्छेद 15(6) एवं 16(6)

**96.** किस शहर को आन्ध्र प्रदेश की राजधानी प्रस्तावित किया गया है?

(A) तिरुपति

(B) अमरावती

(C) काकीनाड़ा

(D) कूरनूल

**97.** कौन-सा राज्य निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों को आरक्षण नहीं प्रदान करता?

(A) आन्ध्र प्रदेश

(B) बिहार

(C) हरियाणा

(D) झारखंड

**98** संविधान का 105वाँ संशोधन किससे सम्बन्धित है?

(A) यह दलबदल-विरोधी कानून में संशोधन करता है

(B) यह आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को आरक्षण देता है

(C) यह राज्यों को अन्य पिछड़ा वर्ग निर्धारण की शक्ति देता है

(D) यह धर्म परिवर्तन के विरुद्ध विषय से सम्बन्धित है

**99.** आवश्यक रक्षा सेवा बिल, 2021 क्या है?

(A) यह सैनिकों को सेवा के अधिक वर्ष प्रदान करता है

(B) यह सभी नागरिकों के लिए दो-वर्ष की सैन्य सेवा अनिवार्य करता है

(C) यह रक्षा उत्पादन में पूँजी निवेश की अनुमति देता है

(D) यह रक्षा उत्पादन इकाइयों में हड़ताल पर प्रतिबन्ध लगाता है

**100.** संसद की किस समिति ने अपने कार्यकाल के 100 वर्ष पूरे किए हैं?

(A) कृषि समिति

(B) लोक लेखा समिति

(C) अनुमान समिति

(D) सार्वजनिक उपक्रम समिति

**101.** कौन-सा मेरुदण्डीय प्राणी अंग केवल ऑक्सीजन-युक्त रक्त प्राप्त करता है?

(A) गिल
(B) फुफ्फुस
(C) यकृत
(D) प्लीहा

**102.** लाख है

(A) लाख कीट का उत्सर्जी पदार्थ
(B) मृत लाख कीट
(C) पौधों का निस्सारण
(D) लाख कीट का एक शरीर स्रावण

**103.** स्पर्मैटेलियोसिस एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा

(A) माध्यमिक शुक्राणुकोश ध्रुवीय निकायों को बाहर निकालता है
(B) स्पर्मैटिड शुक्राणु में विशेषज्ञता प्राप्त होता है
(C) प्राथमिक शुक्राणुकोश एक माध्यमिक शुक्राणुकोश में बदल जाता है
(D) शुक्राणुजन बहुलीकरण अवस्था पूरा करता है

**104.** ऐन्टिफर्टिलिजिन स्रावित होता है

(A) अंडे की झिल्ली द्वारा
(B) निषेचित अंडे द्वारा
(C) शुक्राणुओं द्वारा
(D) अनिषेचित अंडाणु द्वारा

**105.** अधिकांश प्रवासी पक्षी शरद ऋतु में किस एक मार्ग का अनुसरण करते हैं?

(A) पूर्व से पश्चिम
(B) उत्तर से दक्षिण
(C) दक्षिण से उत्तर
(D) पश्चिम से पूर्व

**106.** रोडियस (*Rhodeus*) प्रजाति माता-पिता की देखभाल दर्शाती है

(A) मीठे पानी के शंबुक को जिम्मेदारी हस्तान्तरित करके
(B) घोंसला बनाकर
(C) बच्चों को मुँह में लेकर
(D) अंडे या क्षेत्रों की रक्षा करके

**107.** पति का ब्लड ग्रुप A और पत्नी का ब्लड ग्रुप B है। बच्चों का ब्लड ग्रुप क्या होगा?

(A) A, B, AB अथवा O
(B) A
(C) B
(D) AB

**108.** विषाणु के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(A) विषाणुओं के न्यूक्लिक अम्ल को कैप्सिड कहते हैं।
(B) विषाणुओं का अपना उपापचयी तंत्र होता है।
(C) सभी विषाणुओं में RNA और DNA दोनों होते हैं।
(D) विषाणु बाध्यकारी परजीवी हैं।

**109.** न्यूक्लियोसाइड हैं

(A) चीनी और फॉस्फेट
(B) केवल प्यूरीन और पाइरीमिडीन
(C) प्यूरीन/पाइरीमिडीन और चीनी
(D) प्यूरीन/पाइरीमिडीन, चीनी और फॉस्फेट

**110.** निम्न में से किस प्रतिरक्षा को पहली पंक्ति-रक्षा कहा जाता है?

(A) प्राप्त प्रतिरक्षा
(B) जन्मजात प्रतिरक्षा
(C) सक्रिय प्रतिरक्षा
(D) निष्क्रिय प्रतिरक्षा

**111.** निम्न में से कौन परम शून्य तापमान का प्रतिनिधित्व करता है?

(A) 273·15 °C

(B) 0 °C

(C) – 100 °C

(D) – 273·15 °C

**112.** किलोहर्ट्ज़ एक इकाई है, जो मापती है

(A) एक ऐम्पीयर की धारा द्वारा उपयोग की जाने वाली शक्ति

(B) विद्युत्चुम्बकीय रेडियो तरंग आवृत्तियाँ

(C) विद्युत् प्रतिरोध

(D) वोल्टेज

**113.** एक कटा हुआ हीरा चमकता है

(A) आंशिक रूप से फैलाव के कारण

(B) पूर्ण आंतरिक परावर्तन के कारण

(C) पूरी तरह से उच्च अपवर्तनांक के कारण

(D) हीरे द्वारा आंशिक रूप से प्रकाश के उत्सर्जन के कारण

**114.** उच्च तापमान को अधिक दूरी से नापने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है

(A) पाइरोमीटर

(B) थर्मामीटर

(C) स्पेक्ट्रोमीटर

(D) रेडियोमीटर

**115.** एक बल्ब (100 W, 200 V) 160 V बिजली की आपूर्ति से जुड़ा है। बिजली की खपत होगी

(A) 54 W (B) 185 W

(C) 100 W (D) 64 W

**116.** बिजली की इस्त्री में ताप-तत्त्वों के निर्माण के लिए प्रयुक्त धातु है

(A) ताँबा

(B) टंग्स्टन

(C) नाइक्रोम

(D) लोहा

**117.** बिजली की मोटर परिवर्तित करती है

(A) यांत्रिक ऊर्जा को तापीय ऊर्जा में

(B) विद्युत् ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में

(C) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत् ऊर्जा में

(D) विद्युत् ऊर्जा को प्रकाश ऊर्जा में

**118.** पानी में एक हवा का बुलबुला किस तरह से काम करता है?

(A) अवतल दर्पण

(B) उत्तल लेंस

(C) उत्तल दर्पण

(D) अवतल लेंस

**119.** दण्ड चुम्बक के केन्द्र में चुम्बकत्व होता है

(A) शून्य

(B) न्यूनतम

(C) अधिकतम

(D) न्यूनतम या अधिकतम

**120.** किस रंग का तरंगदैर्घ्य सबसे अधिक होता है?

(A) सफेद

(B) बैंगनी

(C) पीला

(D) लाल

121. हँसाने वाली गैस क्या होती है?

(A) नाइट्रोजन पेरोक्साइड

(B) नाइट्रस ऑक्साइड

(C) नाइट्रिक ऑक्साइड

(D) नाइट्रोजन ऑक्साइड

122. लोहे में जंग लगने पर उसके भार का क्या होता है?

(A) एक ही रहता है

(B) लम्बे समय तक बढ़ता है

(C) घटता है फिर बढ़ता है

(D) बढ़ता है फिर घटता है

123. आहार में नमक का मुख्य उपयोग है

(A) पानी में खाद्य कणों की घुलनशीलता में वृद्धि

(B) खाने के स्वाद को बेहतर बनाना

(C) भोजन के पाचन के लिए हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का थोड़ी मात्रा में उत्पादन

(D) खाना पकाने की प्रक्रिया को आसान बनाना

124. कोई धातु सोना है या नहीं, यह जानने के लिए आमतौर पर एक प्राथमिक परीक्षण के रूप में किस अम्ल का प्रयोग किया जाता है?

(A) सल्फ्यूरस अम्ल

(B) सल्फ्यूरिक अम्ल

(C) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(D) नाइट्रिक अम्ल

125. निम्न में से कौन-सा प्रबल विद्युत्-अपघट्य नहीं है?

(A) NaOH (B) HCl

(C) KOH (D) $H_2CO_3$

126. यौगिक $K_2O$ का सही नाम क्या है?

(A) पोटैशियम ऑक्साइड

(B) पोटैशियम ऑक्सीजन

(C) डाइपोटैशियम ऑक्सीजन

(D) डाइपोटैशियम ऑक्साइड

127. $NH_3$ की ऑक्सीकरण संख्या क्या है?

(A) – 3 (B) – 1

(C) + 1 (D) 0

128. जब पानी जम जाता है, उसका घनत्व

(A) शून्य हो जाता है

(B) कम हो जाता है

(C) बढ़ जाता है

(D) स्थिर रहता है

129. कौन-सा घोल सबसे अधिक सांद्र है?

(A) 2 मि॰ ली॰ घोल में 2·6 ग्राम विलेय

(B) 10 मि॰ ली॰ घोल में 6 ग्राम विलेय

(C) 50 मि॰ ली॰ घोल में 20·5 ग्राम विलेय

(D) 120 मि॰ ली॰ घोल में 30 ग्राम विलेय

130. जब सांद्र $HNO_3$, फॉस्फोरस के साथ अभिक्रिया करता है, तो क्या बनता है?

(A) $PH_3$

(B) $HPO_3$

(C) $H_3PO_3$

(D) $H_3PO_4$

131. अदरक एक तना है, जड़ नहीं, क्योंकि

(A) यह प्रकाश-संश्लेषण की प्रक्रिया करता है

(B) यह क्लोरोफिल युक्त है

(C) यह फूल पैदा करता है

(D) इसमें नोड और इंटर्नोड शामिल हैं

132. मटर के दाने का कुंडलन किसी भी आसपास की संरचना के चारों ओर किसका उदाहरण है?

(A) थिग्मोटैक्सिस

(B) थर्मोटैक्सिस

(C) थिग्मोट्रोपिज्म

(D) थिग्मोनैस्टी

133. पोटोमीटर का उपयोग क्या मापने के लिए होता है?

(A) प्रकाश-संश्लेषण

(B) रस का आरोहण

(C) जड़ दबाव

(D) स्वेद

134. पौधों में रंध्र का खुलना किसके प्रवाह के कारण होता है?

(A) ऑक्सिन

(B) Na

(C) K

(D) ABA

135. जिम्नोस्पर्म में फलों के निर्माण में कमी का कारण होता है

(A) नग्न बीजांड

(B) निषेचन की अनुपस्थिति

(C) बीज की कमी

(D) अपरिपक्व बीजों का गिरना

136. जब कोई पेड़ बड़ा हो जाता है, तो मोटाई में तेजी से वृद्धि पायी जाती है

(A) वसंत की लकड़ी में

(B) रस की लकड़ी में

(C) दिल की लकड़ी में

(D) सख्त लकड़ी में

137. पुंकेसर और कार्पेल के बीच स्व-परागण होता है

(A) एक ही पौधे के अलग-अलग फूलों में

(B) एक ही फूल में

(C) अलग-अलग फूलों में

(D) एक ही फूल या एक ही पौधे के अलग-अलग फूलों में

138. एक बीज है

(A) जुड़े हुए कार्पेल

(B) पका हुआ बीजांड

(C) पका हुआ अंडाशय

(D) पका हुआ भ्रूणपोष

139. निषेचन के बाद, बीज आवरण विकसित होता है

(A) आवरण से

(B) चालाजा से

(C) बीजांड से

(D) भ्रूण बैग से

140. पौधों में जल का परिवहण किसके द्वारा होता है?

(A) उपत्वक

(B) कैम्बियम

(C) फ्लोएम

(D) जाइलम

**141.** एक व्यक्ति 1 कि० मी० की दूरी तय करने के लिए $X$ कि० मी० प्रति घंटे की गति से दौड़ रहा है। लेकिन चिपचिपे मैदान के कारण, उसकी गति $Y$ कि० मी० प्रति घंटा कम हो जाती है। यदि वह दूरी तय करने में $Z$ घंटे लेता है, तो

(A) $Z = X - Y$

(B) $\frac{1}{Z} = \frac{1}{X} + \frac{1}{Y}$

(C) $ZX - ZY = 1$

(D) $Z = X + Y$

**142.** एक गोलाकार मैदान पर बाड़ लगाने की लागत 25 पैसे प्रति मीटर की दर से ₹ 440 है। 60 पैसे प्रति 100 वर्ग मीटर से घास की कटाई की लागत होगी

(A) ₹ 1,646·80

(B) ₹ 1,780·00

(C) ₹ 1,887·40

(D) ₹ 1,478·40

**143.** यदि

$$\frac{9^n 3^2 (3^{-\frac{n}{2}})^{-2} - 27^n}{3^{3m}(2^3)} = \frac{1}{27}$$

तो निम्न में से कौन-सा सही है?

(A) $m - n + 2 = 0$

(B) $m - n + 1 = 0$

(C) $m - n - 2 = 0$

(D) $m - n - 1 = 0$

**144.** यदि आप गुलाब के चार पौधे एक रेखा में रोपें और उसी प्रकार पाँच ऐसी रेखाएँ बनाएँ, तो पौधों की न्यूनतम संख्या क्या होगी जिसके साथ आप इसे प्राप्त कर सकते हैं?

(A) 8

(B) 16

(C) 10

(D) 12

**145.** पाँच वर्ष पहले, एक परिवार के पाँच सदस्यों की औसत आयु 25 वर्ष थी। राहुल का जन्म पिछले 5 वर्ष की अवधि में हुआ था लेकिन परिवार के सदस्यों की औसत आयु 5 साल पहले के ही बराबर थी। राहुल का जन्म हुआ था

(A) इसी वर्ष

(B) 4 वर्ष पहले

(C) 2 वर्ष पहले

(D) 1 वर्ष पहले

**146.** 85 से० मी०, 119 से० मी०, 153 से० मी० और 289 से० मी० लम्बी चार धातु की छड़ों को समान लम्बाई के भागों में काटा जाना है। प्रत्येक भाग को यथासंभव लम्बा होना चाहिए। काटे जा सकने वाले टुकड़ों की अधिकतम संख्या क्या होगी?

(A) 68

(B) 17

(C) 34

(D) 38

**147.** कौन-सा अक्षर समूह रिक्त स्थानों पर क्रमिक रूप में रखने पर दी गई अक्षर श्रेणी को पूर्ण करेगा?

_ ZY _ ZXY _ YXZX _ ZYX _ XY

(A) YXZYZ

(B) ZXYZY

(C) XYZZY

(D) YZXYX

**148.** निम्न समीकरण को सही बनाने हेतु, आपस में अदला-बदली किये जाने वाले दो चिह्नों का पता लगाएँ :

$$5+3\times8-12/4=3$$

(A) + एवं /

(B) + एवं –

(C) – एवं /

(D) + एवं ×

**149.** निम्न शृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात करें :

4, 18, ?, 100, 180, 294, 448

(A) 60

(B) 48

(C) 50

(D) 58

**150.** यदि एक भिन्न के अंश में 200% वृद्धि होती है और भिन्न के हर में 120% वृद्धि होती है, तो परिणामी भिन्न $\frac{4}{11}$ है। मूल भिन्न क्या है?

(A) $\frac{4}{15}$

(B) $\frac{12}{55}$

(C) $\frac{3}{11}$

(D) $\frac{5}{12}$